**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

# AAJ SAMAJ

# डॉ. मेहा शर्मा ने संभाला जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलसचिव का कार्यभार

## ■ डॉ. सुनील कुमार गर्ग का कार्यकाल पूरा होने पर दिया गया अतिरिक्त कार्यभार

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलसचिव का कार्यभार डॉ. मेहा शर्मा को दिया गया है। डॉ. मेहा शर्मा विश्वविद्यालय में उप-कुलसचिव है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पद 14 अगस्त, 2023 को निवर्तमान कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग का कार्यकाल पूरा हो जाने के उपरांत रिक्त हो गया था। इस संबंध में कुलसचिव सचिवालय द्वारा आदेश जारी कर दिये गये है। डॉ. मेहा शर्मा ने बुधवार डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया।



कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. मेहा शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर एवं अन्य।

इस अवसर पर कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह, प्रो. पूनम सिंघल, उप कुलसचिव श्री मनीष गुप्ता, कार्यशाला अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा, सहायक कुलसचिव श्री विशाल कुमार, सहायक विधि अधिकारी श्रीमती रेणू डागर भी उपस्थित थीं।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने डॉ. मेहा शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है तथा उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. मेहा शर्मा ने विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर का आभार व्यक्त किया है।

इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाली डॉ. मेहा शर्मा को शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वह राजस्थान के वनस्थली विद्यापीठ से इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों में बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन) में स्वर्ण पदक तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एमटेक (सिग्नल प्रोसेसिंग) शामिल हैं। इससे पहले वह अंसल विश्वविद्यालय, गुडगांव में इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी है।

डॉ. शर्मा के शैक्षणिक रुचिकर क्षेत्रों में माइक्रोप्रोसेसर सिस्टम, डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, सिग्नल्स एवं सिस्टम्स, वीएचडीएल और नैनोटेक्नोलॉजी शामिल हैं। उनकी शोध गतिविधियां मुख्य रूप से क्वांटम वेल लेजर और लेजिंग नैनो हेटेरो-स्ट्रक्चर्स जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित रही हैं। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके 25 शोध पत्र प्रकाशित हैं। डॉ. मेहा शर्मा ने पीएचडी स्तर पर शोध कार्यों का तथा इंजीनियरिंग की लगभग 15 आईओटी-आधारित परियोजनाओं का पर्यवेक्षण किया है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस वि .वि में मनाया स्वतंत्रता दिवस



फरीदाबाद, 16 अगस्त (सूरजमल): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए द्वारा देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया तथा समारोह को संबोधित किया। कुलपति ने सुरक्षा कर्मियों, एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस वालंटियर्स द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी भी ली। इससे पहले प्रो. तोमर ने विश्वविद्यालय में वॉर हीरोज गैलरी में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विभिन्न क्लबों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक गीत संगीत, नृत्य तथा योग की प्रस्तुति दी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

## HINDUSTAN

# कार्यशाला में छात्रों को दृश्य संचार का महत्व समझाया

- जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ
- 'क्ले एंड आर्ट' के बारे में भी जानकारी दी

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा द साइंस ऑफ विजुअल कम्युनिकेशन (दृश्य संचार) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को दृश्य संचार का महत्व समझाया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता महर्षि नारद मल्टीमीडिया स्टूडियो में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल के वीएफएक्स और एनीमेशन के एचओडी, डॉ. वैभव पाराशर ने की। कार्यशाला के दौरान डॉ. वैभव ने विद्यार्थियों को विजुअल कम्युनिकेशन के संबंध में बेहद सूक्ष्मता से जानकारी दी। विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने कल्पना और अवलोकन को विजुअल कम्यूनिकेशन के लिए जरूरी बताया। 'क्ले एंड आर्ट' के महत्व को समझाया।

साथ ही बताया कि इस क्षेत्र में नौकरी के बहुत अवसर हैं। बाद में एक प्रश्न उत्तर सत्र का आयोजन किया, जहां छात्रों ने अपने सभी संदेह दूर किए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और विभाग के चेयरपर्सन डॉ. पवन सिंह मलिक और सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनिया हुडा द्वारा डॉ. वैभव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

# HINDUSTAN

# डॉ. मेहा को कुलसचिव का कार्यभार दिया गया

- जेसी बोस विश्वविद्यालय में अभी उप-कुलसचिव हैं
- डॉ. सुनील का 14 को कार्यकाल पूरा हुआ

फरीदाबाद, संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलसचिव का कार्यभार डॉ. मेहा शर्मा को दिया गया है। डॉ. मेहा शर्मा विश्वविद्यालय में उप-कुलसचिव हैं।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पद 14 अगस्त, 2023 को निवर्तमान कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग का कार्यकाल पूरा हो जाने के उपरांत रिक्त हो गया था। इस संबंध में कुलसचिव सचिवालय द्वारा आदेश जारी कर दिए गए है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने डॉ. मेहा शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है तथा उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. मेहा ने विश्वविद्यालय के प्रमुख प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए कुलपति का आभार व्यक्त किया है।

इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाली डॉ. मेहा को शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वह राजस्थान के वनस्थली विद्यापीठ से इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी है। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके 25 शोध पत्र प्रकाशित हैं। उन्होंने पीएचडी स्तर पर शोध कार्यों का तथा इंजीनियरिंग की लगभग 15 आईओटी-आधारित परियोजनाओं का पर्यवेक्षण किया है।

**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

# AMAR UJALA

## डॉ. मेहा शर्मा बनीं जेसी बोस की कुलसचिव

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव का कार्यभार बुधवार को डॉ. मेहा शर्मा को दिया गया है। वह विश्वविद्यालय में उप-कुलसचिव के पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने निवर्तमान कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग का कार्यकाल पूरा होने के बाद पदभार संभाला है। इस संबंध में कुलसचिव सचिवालय की ओर से दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बुधवार को डीन प्रो. संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह, प्रो. पूनम सिंघल, उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, कार्यशाला अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा, सहायक कुलसचिव विशाल कुमार, सहायक विधि अधिकारी रेणू डागर भी उपस्थित थीं। संवाद

**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

# DAINIK JAGRAN

## डा.मेहा शर्मा बनीं जेसी बोस विश्वविद्यालय की कुलसचिव

**वि., फरीदाबाद** : डा.मेहा शर्मा को जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलसचिव का कार्यभार दिया गया है। इस संबंध में कुलसचिव सचिवालय द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलसचिव डा.सुनील कुमार गर्ग का कार्यकाल पूरा हो गया है। डा.मेहा शर्मा ने आज डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो.संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया।

कुलपति के सलाहकार डा.पवन सिंह, प्रो.पूनम सिंघल, उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, कार्यशाला अधीक्षक डा.विवेक शर्मा, सहायक कुलसचिव विशाल कुमार, सहायक विधि अधिकारी रेणु डागर सहित विश्वविद्यालय के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:17.08.2023**

# PIONEER

## डॉ. मेहा शर्मा ने संभाला कुलसचिव का कार्यभार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलसचिव का कार्यभार डॉ. मेहा शर्मा को दिया गया है। डॉ. मेहा शर्मा विश्वविद्यालय में उप-कुलसचिव हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पद 14 अगस्त 2023 को निवर्तमान कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग का कार्यकाल पूरा हो जाने के उपरांत रिक्त हो गया था। इस संबंध में कुलसचिव सचिवालय द्वारा आदेश जारी कर दिये गये है। डॉ. मेहा शर्मा ने डीन (इंस्टीट्यूशंस) प्रो. संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलपति के सलाहकार डॉ. पवन सिंह, प्रो. पूनम सिंघल, उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, डॉ. विवेक शर्मा मौजूद रहे।